an>

title: Need to construct dams on rivers Renuka and Kisau in Himachal Pradesh in order to solve water crisis in Haryana, Rajasthan and Delhi.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : माननीय सभापति जी, मैं आदरणीय जल प्रबंधन मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं कि मेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अम्बाला में 100 किलोमीटर से भी अधिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों के साथ लगता है। यमुना नगर जिले में जिस प्रकार से पांच राज्यों ने मिलकर हथिनी कुंड बैराज बनाया हुआ है, अगर इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश में रेणका और कसाऊ नदी पर बांधों का निर्माण कर दिया जाता है और हरियाणा में यमुना और सहायक नदियों पर बांधों का निर्माण कर दिया जाता है तो हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली सहित कई राज्यों की जल समस्या का समाधान हो सकता है। वष्Â◌ा◌ाऩ का 85 प्रतिशत से अधिक जल बेकार चला जाता है, हम उस जल का संचय करके हाइड्रो पावर का निर्माण भी कर सकते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त बांधों के अतिरिक्त मेरे लोकसभा क्षेत्र के साथ लगती नदियों में आ रहे वÂ◌ा◌ाऩ के जल प्रबंधन के लिए भी छोटे डैम बनाए जाएं ताकि हम अपनी जल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पष्Âपेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सी.पी. जोशी,

श्री पी.पी. चौधरी,

श्री दीपेन्द्र हुड्डा और

श्री सुधीर गुप्ता को श्री रत्न लाल कटारिया द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।